तराना में अकीदत-भाईचारे के साथ मनाई ईद-उल-अजहा

▶ स्वच्छता एवं धार्मिक भावनाओं को ध्यान रख त्योहार मनाने पर शहर काजी का आग्रह

तराना। सम्पूर्ण भारतवर्ष में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व गुरुवार को बड़े ही अकीदत, उत्साह और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इसी कड़ी में उज्जैन जिले के तराना नगर में भी मुस्लिम समाजजनों ने पूरे जोश, जज्बे और भाईचारे के साथ ईद-उल-अजहा का पर्व मनाया।

सुबह से ही नगर का माहौल धार्मिक रंग में रंगा नजर आया तथा मस्जिदों और ईदगाहों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह लगभग 7 बजे स्थानीय काज़ी चौक स्थित जामा मस्जिद से मुस्लिम समाजजन अपने पेशवा शहर काज़ी सफ़ीउल्ला की अगुआई में धार्मिक मन्त्र पढ़ते हुए समाजजन ईदगाह के लिए रवाना हुए।

इस दौरान रास्तेभर समाजजनों सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने शहर काज़ी का पुष्पमालाओं से स्वागत किया तथा पुष्पवर्षा कर इस्तकबाल किया। नगर में जगह-जगह लोगों ने ईद की मुबारकबाद पेश कर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। ईदगाह में शहर काज़ी सफ़ीउल्ला ने समाजजनों को संबोधित करते हुए अपने बयान में ईद-उल-अजहा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ईद-उल-अजहा त्याग, समर्पण, इंसानियत और भाईचारे का संदेश देने वाला पवित्र त्योहार है। उन्होंने अपील की कि साफ सफाई, स्वछता का विशेष ध्यान रखें। हमारे किसी भी कार्य से हमारे पढ़ोसी, मोहल्ले वाले या हिंदू भाइयो को परेशानी उत्पन्न ना हो। सभी की भावनाओं को सम्मान देते हुए अपना, त्योहार मनाए। अपने बयान के पश्चात शहर काज़ी ने ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कराई। नमाज के बाद समाजजनों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की और खुशियां साझा कीं। ईदगाह के अलावा नगर की विभिन्न मस्जिदों में भी ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। पर्व को लेकर बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। वहीं पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से एसडीओपी भविष्य भास्कर, थाना प्रभारी आरएनएस भदौरिया, नायब सहित पुलिस बल एवं नगर परिषद की टीम मौके पर मौजूद रही। वहीं अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर सय्यद अकबर हुसैन जागीरदार ने पुलिस, प्रशासन, नगर परिषद सहित विद्युत विभाग का आभार व्यक्त किया।

बद्रीनाथ-केदारनाथ तीर्थयात्रा कर लौटे यात्रियों का स्वागत



घट्टिया। उत्तराखंड प्रदेश के चार धाम बद्रीनाथ भगवान मंदिर, केदारनाथ मंदिर, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम तीर्थ दर्शन के लिए गए तीर्थयात्रियों के यात्रा पूर्ण कर गुरुवार को नगर आगमन पर स्वागत किया गया। स्थानीय निवासी शंकरसिंह पंवार, महेंद्रसिंह पंवार, प्रताप सिंह पंवार, तेजसिंह पंवार, जगदीशसिंह पंवार अपने अपने परिवार सहित बस द्वारा उत्तराखंड तीर्थ दर्शन यात्रा पर गए थे। यात्रा से सकुशल लौटने पर ग्रामीणों ने पुष्पमालाओ से स्वागत किया। नगर में निकले तीर्थ यात्रियों के जुलूस का जगह जगह पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया साथ ही लड़की पूजन भी किया गया।

एक नजर में

विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया गया

खाचरौद। उमंग स्वास्थ्य केंद्र सिविल हॉस्पिटल खाचरौद द्वारा बीएमओ डॉ. शिवराज कौशल के मार्गदर्शन में 28 मई विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर सिविल अस्पताल एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर भीकमपुर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम Period Friendly World यानी माहवारी के अनुकूल दुनिया पर जोर दिया गया। डॉ. विकास चंद्रवंशी ने बताया इस थीम का मुख्य उद्देश्य मासिक धर्म को जीवन का एक सामान्य हिस्सा बनाना और एक ऐसा समावेशी समाज तैयार करना है। जहां हर लड़की और महिला बिना किसी झिझक या कलंक के अपने पीरियड्स के दौरान सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानित महसूस कर सके। इसके साथ ही परामर्शदाता दिनेश चन्द्र परिहार ने सेशन आयोजन कर सभी लाभार्थी को माहवारी स्वच्छता पर जागरूक करते हुए कहा कि आज भी समाज में माहवारी को लेकर कई भ्रांतियां हैं। कई किशोरियों को पहली माहवारी के समय इसकी जानकारी नहीं होती। नरसिग ऑफिसर अनुपमा वनराज ने विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के जागरूकता कार्यक्रम पर कहा, पीरियड्स पर चुप्पी तोड़ो का दिया संदेश। कार्यक्रम के अंत में सभी ने माहवारी को कलंक न मानकर एक सामान्य जैविक प्रक्रिया मानने और खुलकर बात करने का संकल्प लिया। जिसमें आशा पूनम शर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मोहन बाई आंगनवाड़ी सहायिका जसोदा, कृष्णा चंद्रवंशी आदि व आमजन का विशेष सहयोग रहा।

किसानों को ई-टोकन प्रणाली की जानकारी देकर जागरूक करें, खाद के लिए किसान परेशान न हो

उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर किसानों की सुविधा के लिए ई-टोकन सिस्टम शुरू किया है। इसमें किसान घर बैठे एमपी कृषि पोर्टल के जरिए ऑनलाइन ई-टोकन जनरेट कर सकेंगे। किसान के मोबाइल पर ई-टोकन जारी होगा। इसे दिखाकर किसान तीन दिन के अंदर संबंधित समिति, एमपी एग्रो, डीएमओ केंद्र और प्राइवेट केंद्र पर जाकर खाद ले सकेंगे। मुख्यमंत्री के निर्देश है कि खाद के लिए कोई भी किसान परेशान नही हो। गुरुवार को संभागायुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने कृषि उपज मंडी स्थित किसान सेवा केंद्र पहुंचकर किसानों से चर्चा कर ई-टोकन से खाद प्राप्त करने की जानकारी ली। संभागायुक्त सिंह ने मौके पर उपस्थित किसान का कम्प्युटर पर ई-टोकन प्रक्रिया दर्ज कराते हुए पूरी प्रक्रिया को समझा। संभागायुक्त सिंह ने निर्देश दिए कि ई-टोकन प्रणाली के संबंध में किसानों को प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी जाए। जिससे किसान स्वंय घर बैठे ई-टोकन जनरेट कर सकें। खाद के लिए कोई भी किसान परेशान नही होना चाहिए किसानों से संपर्क कर प्रक्रिया की जानकारी देकर प्रोत्साहित करें। संभागायुक्त सिंह ने प्रतिदिन किसानों द्वारा किए जाने वाले पंजीयन की जानकारी ली।

भागवत जैसे ग्रंथ सही दिशा में बढ़ा सकते हैं आगे

इंदौर. राम नाम की भक्ति का बीज समूचे ब्रह्माण्ड को लहलहा देता है, तो हमारे कृष्ण की भक्ति का माधुर्य भी समूचे विश्व को आज तक प्रेम एवं रस के बंधन में बांधे हुए है. इतिहास संग्रह करने वालों को नहीं, त्याग करने वालों को याद रखता है. भौतिकवाद की चकाचौंध में फंसकर हम आधुनिकता के सम्मोहन में खोकर सनातन संस्कृति को भूलते जा रहे हैं. हमारे भागवत जैसे धर्म ग्रन्थ ही हमें सही दिशा में आगे बढ़ा सकते हैं. ये विचार हैं श्रीधाम वृंदावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद के, जो उन्होंने बुधवार को गीता भवन सत्संग सभागृह में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में मातुश्री श्रीमती कमलादेवी-बाबूलाल मंगल की पुण्य स्मृति में चल रहे श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस पर राम एवं कृष्ण जन्म प्रसंग के दौरान व्यक्त किए. कथा शुभारंभ के पहले व्यासपीठ का पूजन प्रमुख संयोजक संजय-किरण मंगल, बिनोद-सुनीता अग्रवाल, समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, सुभाष बजरंग, राधेश्याम गुरूजी, कैलाशनारायण बंसल, नारायण अग्रवाल 420 पापड़वाले, राजेश चौधरी, अनिल चौधरी, पुरुषोत्तम अग्रवाल, श्याम मोमबत्ती, दीपचंद अग्रवाल आदि ने किया. विद्वान वक्ता की अगवानी अवनि-अनंत अग्रवाल, गोविन्द मंगल, गोपाल मंगल, विनीता-अक्षत अग्रवाल, चंचल अग्रवाल आदि ने की. कथा में आज भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया. संयोजक संजय मंगल ने बताया कि कथा 30 मई तक प्रतिदिन दोपहर 3.30 से शाम 7 बजे तक होगी.

नगर निगम ने आनंदम नेत्रालय पहुंचकर लगाया 10 हजार का जुर्माना

▶ सार्वजनिक संपत्तियों और चौराहों पर बिना अनुमति के बैनर पोस्टर लगाने वालों पर निगम करेगा कार्रवाई

उज्जैन। नगर निगम के सार्वजनिक शौचालय और मूत्रालय पर स्वच्छता अभियान की ब्रांडिंग एवं स्वच्छता के स्लोगन होना आवश्यक है। ताकि यहां आने वाले नागरिकों द्वारा सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही यदि बिना अनुमति के किसी के भी द्वारा अवैध रूप से पोस्टर, बैनर, विज्ञापन लगाए जाते हैं तो संबंधित पर चालानी कार्रवाई की जाएगी।

इसी क्रम में गुरुवार को नगर निगम स्वास्थ्य विभाग ने शहर के समस्त सार्वजनिक शौचालय एवं मूत्रालय की सफाई का कार्य किया जा रहा था। जिसके क्रम में स्वास्थ्य विभाग के उपायुक्त संजेश गुप्ता ने घास मंडी मजदूर चौराहा स्थित निगम के सार्वजनिक मूत्रालय की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान देखने में आया कि सुभाष नगर दो तालाब स्थित आनंदम नेत्रालय द्वारा प्रचार प्रसार के लिए नगर निगम के सार्वजनिक मूत्रालय पर विज्ञापन फ्लेक्स बिना अनुमति के चस्पा किए गए थे। उक्त विषय को संज्ञान में लेते हुए स्वास्थ्य विभाग के उपायुक्त द्वारा निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर सुभाष नगर दो तालाब स्थित आनंदम नेत्रालय पर पहुंचकर 10 हजार का जुर्माना लगाया। साथ ही सभी से अपील की जाती है कि स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान एवं उज्जैन शहर की सफाई व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए नगर निगम की सार्वजनिक संपत्तियों पर किसी भी प्रकार से बिना अनुमति के विज्ञापन नहीं करें अन्यथा भारी जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

फ्रेंड्स 11 क्रिकेट क्लब और शाह क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में हुआ प्लास्टिक गेंद नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट

महिदपुर। 20 मई से महिदपुर की सरजमीं पर फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब एवं शाह क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित प्लास्टिक बाल नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट 20 मई से आयोजित हो रहा है। 27 मई को फाइनल मैच के आयोजन में नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेता टीम कों पुरस्कृत किया गया।

जितेंद्र बना ने अपने उद्बोधन में विजेता टीम एवं यहां की लाइट व्यवस्था की सराहना की तथा आगामी वर्ष के लिए विजेता टीम को 51 हजार से अपनी ओर से पुरस्कृत करने की घोषणा की। महिदपुर तहसील में खेल और युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित। इस अवसर पर महिदपुर क्षेत्र के युवाओं, खेल प्रेमियों और गणमान्य नागरिकों में भारी उत्साह देखने को मिला। मुख्य अतिथि शाहनवाज उद्दीन शेख छन्नु भैय्या झिरनिया ने फीता काटकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान विशेष अतिथि वसीम लाला आलोट, जितेंद्रसिंह जीतू बना कानाखेड़ी उपस्थित रहे। युवाओं एवं आयोजकों ने पुष्प वर्षा, माल्यार्पण से उनका अभिनंदन किया। जैसे ही मुख्य अतिथि मैदान पर पहुंचे, युवाओं ने तालियों और नारों के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजनों की निरंतर आवश्यकता है। ताकि युवा अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर प्रदेश एवं देश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने आगे कहा कि आज के युवा देश का भविष्य हैं और खेल के माध्यम से उनमें नेतृत्व क्षमता, आत्मबल और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। शाहनवाज उद्दीन शेख छन्नु भैय्या झिरनिया ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने और अनुशासन बनाए रखने का संदेश दिया। आयोजन समिति ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता में क्षेत्र की अनेक टीमें भाग ले रही हैं और विजेता टीम एवं उपविजेता टीमों को आकर्षक ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

जाहिद हुसैन शाह पार्षद प्रतिनिधि ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान कई सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, खेल प्रेमी एवं नागरिक उपस्थित रहे। उद्घाटन मैच के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर उपस्थित मुबारिक भाई उज्जैन, शैलेंद्र उदीवाल, अशरफ भाई,गम्पू भाई, जावेदभाई, चंचल उदीवाल एवं बड़ी संख्या में लोगों ने क्रिकेट टूर्नामेंट देखा।

खुले में कचरा फेंकने पर बनाया चालान

▶ डी मार्ट पहुंचा निगम का 10 हजार का चालान

उज्जैन। गुरुवार को सुबह झोन क्रमांक 6 अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता निरीक्षक एवं दरोगा द्वारा क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया जा रहा था। तब इंजीनियरिंग कॉलेज ग्राउंड के परिसर में कचरे का ढेर पाया गया। जब कचरे के ढेर की जांच की गई तो संबंधित कचरा डी मार्ट द्वारा खुले में फेंकना पाया गया। जिसके क्रम में डी मार्ट पर 10 हजार का जुर्माना लगाया। जब स्वास्थ्य विभाग का अमला डी-मार्ट पहुंचा और बताया कि आपके द्वारा खुले में कचरा फेंका गया है।

पहले तो मैनेजर द्वारा बोला कि यह कचरा हमारा नहीं है पर जब नगर निगम के स्वच्छता निरीक्षक और दरोगा द्वारा साक्ष्य के रूप में फेंके गए कचरे का वीडियो बताया गया। जिसमें तेल के पाउच, रेट लिस्ट के कागज, डिस्पोजल ग्लास इत्यादि पाए गए जो डी मार्ट के थे। संबंधित मैनेजर द्वारा वीडियो देखने के बाद अपनी गलती स्वीकारी और कहा कि भविष्य में इस प्रकार की गलती नहीं की जाएगी शहर की स्वच्छता का ध्यान रखा जाएगा। उक्त कार्रवाई स्वच्छता निरीक्षक बंटी लोट एवं दरोगा लखन डागर ने की।

एक नजर ▶ सिंहस्थ के तहत निर्माणाधीन ब्रिज का कार्य पूर्ण होने पर आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं और आमजन को मिलेगी सुविधा

मुख्यमंत्री के निर्देश पर सिंहस्थ के लिए विकास कार्यों की मिल रही सौगात

▶ फ्रीगंज ओवर ब्रिज समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए बैरिकेडिंग लगाकर आगे का कार्य शुरू करें

▶ संभागायुक्त सिंह और कलेक्टर सिंह ने शहर में निर्माणाधीन ब्रिज निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया

उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर सिंहस्थ 2028 के विश्व स्तरीय भव्य आयोजन के लिए शहर में विकास कार्यो की सौगातें मिली है। निर्माणाधीन कार्यो के पूर्ण होने के बाद सिंहस्थ के दौरान आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के साथ ही स्थानीय आमजनों को भी सुविधा मिलेगी।

निर्माण कार्यों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग कर प्रशासन द्वारा गुणवत्ता पूर्ण और तेज गति से निर्माण कार्यो को पूर्ण कराने पर जोर दिया जा रहा है। सिंहस्थ के निर्माण कार्यो के नियमित निरीक्षण के तहत गुरूवार को संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने शहर के प्रमुख मार्गों को जोड़ने के लिए निर्माणाधीन महत्वपूर्ण ब्रिज निर्माण कार्यों का जायजा लिया। आवागमन की सुविधा के लिए नए ब्रिज निर्माण कार्यो में चामुंडा माता चौराहा से फ्रीगंज की ओर निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान जानकारी दी गई कि ब्रिज निर्माण कार्य प्रगतिरत होकर अब ग्रांड होटल के सामने से निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। संभागायुक्त सिंह ने निर्देश दिए कि आगे के निर्माण कार्य के लिए मार्ग में बैरिकेटिंग कर चद्दर लगाकर कार्य प्रारंभ किया जाए। जिससे इस मार्ग में आवागमन के दौरान कोई समस्या नहीं हो। संभागायुक्त ने निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उज्जैन-मक्सी मार्ग पर शहर के पुराने समपार क्र.2 पूर्व ब्रिज के समानंतर उज्जैन-इंदौर रेल सेक्शन पर आईटीआई के सामने निर्माणाधीन टू लेन आरओबी निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। मौके पर ब्रिज निर्माण का कार्य प्रगतिरत पाया गया। यहां पर संभागायुक्त ने ब्रिज निर्माण की तकनीकी जानकारी लेकर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता के लिए लैब में नियमित टेस्टिंग कराने के निर्देश दिए। इसके बाद संभागायुक्त सिंह और कलेक्टर सिंह ने उज्जैन-लालपुर-मक्सी मार्ग (पंचक्रोशी मार्ग) पर समपार क्र.7 पर पूर्व से निर्माणाधीन आरओबी के समानंतर अतिरिक्त आरओबी निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त सिंह ने ब्रिज निर्माण में पाइल की जानकारी लेकर अतिरिक्त मशीनरी लगाकर कार्य तेज गति से करने के निर्देश दिए।

संभागायुक्त सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप विकास सभी विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर मौजूद रहकर कार्य गुणवत्ता का परीक्षण भी करें।

कार्यालय नगर परिषद तराना जिला उज्जैन म.प्र.

Notice Inviting e-Tenders
Government of Madhya Pradesh
Urban Administration and Development Department

N.I.T. No /E-tender/Tarana / 2026/985 Dated 27/05/2026

Online percentage rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria:

S. No.	Name of Work	District	Probable Amount of Contract (Rs. in lakh)	Earnest Money Deposit (EMD) (In Rupees)	Cost of Bid Document (In Rupees)	Period of Completion (in Months)	Tendar Call
01	MRF Processing shed at SWM plant 2026_UAD_510331_1	Ujjain	25.23 lacs	18928/-	5000/-	06 MONTH	I

1. Interested bidders can view the NIT on website https://mptenders.gov.in.

(विरेन्द्र कुमार मेहता)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् तराना, जिला उज्जैन